(xii) आर्थिक नियोजन

1509. राजस्थान के सकल राज्य मूल्य वर्धन में आधार (2011-12) कीमतों पर वर्ष 2021-22 में (अग्रिम अनुमान) कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र का........... योगदान है।

(a) 26.14% (b) 30.45%
(c) 26.34% (d) 28.85%

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-B

Ans. (d) : राजस्थान के सकल राज्य मूल्यवर्धन में आधार (2011-12) कीमतों पर वर्ष 2021-22 में (अग्रिम अनुमान) कृषि एवं सम्बद्ध क्षेत्र का योगदान 28.85% था।

1510. वर्तमान में राजस्थान में आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में किस प्रणाली को अपनाया जा रहा है?

(a) संघीय आर्थिक प्रणाली
(b) केन्द्रीयकृत आर्थिक प्रणाली
(c) सार्वजनिक आर्थिक प्रणाली
(d) जिला स्तरीय आर्थिक प्रणाली

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (d) : वर्तमान में राजस्थान में आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में जिला स्तरीय आर्थिक प्रणाली को अपनाया जा रहा है। राजस्थान में 1 अप्रैल 1951 को प्रथम पंचवर्षीय योजना शुरू की गई थी।

1511. राजस्थान में नियोजन विभाग की स्थापना कब हुई?

(a) 1953 (b) 1954
(c) 1955 (d) 1956

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (a) : राजस्थान में नियोजन विभाग की स्थापना वर्ष 1953 में की गई थी। राजस्थान में प्रथम पंचवर्षीय योजना की शुरूआत । अप्रैल 1951 को की गई थी।

1512. निम्न में से कौन सा, आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय, राजस्थान का कार्य नहीं है?

(a) विभिन्न विभागों की सांख्यिकी गतिविधियों में समन्वयन
(b) आँकड़ों के संग्रहण एवं संकलन में द्विगुणन
(c) आँकड़ों के संग्रहण में मान्य मानकों का पालन
(d) आँकड़ों की गुणवत्ता में सुधार के झाव देना

संगणक भर्ती परीक्षा- 2018 (5 मई, 2018)

Ans. (a) आर्थिकी एवं सांख्यिकीय निदेशालय का कार्य विभिन्न विभागों की सांख्यिकी गतिविधियों का समन्वयन करना नहीं है। बल्कि यह कार्य राजस्थान सरकार की गृह मंत्रालय के अन्तर्गत आता है। अन्य सभी कार्य आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय के अन्तर्गत आते हैं।

1513. 'मंगला तेल क्षेत्र' किस जिले में स्थित है?

(a) जैसलमेर (b) बाड़मेर
(c) जोधपुर (d) पाली

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (b) : मंगला तेल (पेट्रोलियम क्षेत्र) क्षेत्र राजस्थान के बाड़मेर जनपद में स्थित है। इसकी खोज 2004 में की गयी थी तथा 2009 से यहाँ से पेट्रोलियम उत्पादन किया जाने लगा। यहाँ पर पेट्रोलियम का उत्पादन वेदांता समूह की इकाई केयर्न पेट्रोलियम कंपनी कर रही है। 670 किमी. लंबी मंगला डेवलपमेंट पाईपलाइन बाड़मेर से जामनगर तक है।

1514. राजस्थान में निम्न में से किन स्थानों को 'विंड एनर्जी फार्म प्रोजेक्ट' के अंतर्गत, पवन ऊर्जा के मार्गदर्शन/संसर्ग हेतु चुना गया है?

(a) बाड़मेर, ब्यावर, जोधपुर
(b) रामगढ़, नागौर, चुरु
(c) जैसलमेर, देवगढ़, फलौदी
(d) फलौदी, मा. आबू, पाली

RPSC Van Rakshak 11.12.2020 (3 to 5 pm)

Ans. (c) : राजस्थान के जैसलमेर, देवगढ़, फलौदी नामक स्थानों को विंड एनर्जी फार्म प्रोजेक्ट के अन्तर्गत, पवन ऊर्जा के मार्ग-दर्शन/संसर्ग हेतु चुना गया है। जैसलमेर विन्ड पार्क भारत दूसरा सबसे बड़ातटीय पवन ऊर्जा पार्क है।

1515. राजस्थान में प्रथम योजना काल से अब तक कृषि फसलों के क्षेत्रफल में घटित निम्नलिखित में से कौन-सा परिवर्तन असत्य है-

(a) खाद्यान्नों के अन्तर्गत क्षेत्रफल लगभग 14 प्रतिशत बढ़ गया है।
(b) दालों के अन्तर्गत क्षेत्रफल लगभग 3 प्रतिशत घट गया है।
(c) तिलहन के अन्तर्गत क्षेत्रफल लगभग 15 प्रतिशत बढ़ गया है।
(d) गन्ना, ग्वार, चारा, फल, सब्जी, मसालों आदि के अन्तर्गत क्षेत्रफल में लगभग कोई परिवर्तन नहीं हुआ है।

Librarian Exam Date-13.11.2016

Ans. (a) विकल्प a असत्य है। राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किमी. है, जो कि देश का 10.41% है। राज्य में विगत 25 वर्षों में सकल बोए क्षेत्र में 25% की वृद्धि हुई हो सर्वाधिक वृद्धि लिहन के अंतर्गत हुई है जबकि खद्यान्न एवं गन्ने का योगदान घटा है। राजस्थान में देश का 11% क्षेत्र कृषि योग्य भूमि है और राज्य में 50% सकल सिंचित क्षेत्र है, जबकि 30% शुद्ध संचित क्षेत्र है।

1516. राजस्थान की अर्थव्यवस्था के प्रमुख क्षेत्रों (कृषि, उद्योग एवं जनसाधारण के जीवन की गुणवत्ता) से संबंधित सर्वाधिक निर्णायक मुद्दा कौन-सा है जो आर्थिक क्रियाओं के स्तर को प्रभावित करता है?

(a) जल का अभाव (b) पूँजी की कमी
(c) ऊर्जा की कमी (d) व्यापक निरक्षरता

उत्तर-(d) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या- देश के अन्य राज्यों की तुलना में राजस्थान की साक्षरता दर बहुत कम है। वर्ष 2011 में राष्ट्रीय साक्षरता दर 73.0% है जबकि राजस्थान में साक्षरता का प्रतिशत 66.1% है। इससे स्पष्ट है कि राजस्थान में अभी भी लगभग आधे से कुछ कम जनसंख्या निरक्षर हैं। यही व्यापक निरक्षरता एवं अशिक्षा ही राजस्थान में कृषि, उद्योग एवं जीवन स्तर में अपेक्षित वृद्धि नहीं होने का निर्णायक कारक है।

1517. राजस्थान में वर्ष 1990-91 में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय (चालू मूल्यों पर) का अनुमान निम्नांकित है-

(a) 1841 रु. (b) 2327 रु.
(c) 3595 रु. (d) 4214 रु.

उत्तर-(b) **RPSC RAS/RTS-1992**

व्याख्या– राजस्थान में वर्ष 1990-91 में प्रति व्यक्ति वार्षिक आय (चालू मूल्यों पर) 2327 रु. थी। वर्ष 2022 में राजस्थान की प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय (चालू मूल्यों पर) 135218 रूपये है।